हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025



तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में मां की भूमिका महत्वपूर्ण



10 ड्यूटी के प्रति पाबंद रहने के दिए सख्त निर्देश




## पशु बाड़े में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

# गांव सरफाबाद में रंजिश के चलते फावड़े से पीट-पीटकर युवक को उतारा मौत के घाट

### पुलिस ने मामले में एक महिला को हिरासत में लिया, युवक की तलाश जारी

पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना फावड़ा व दो बिंडे बरामद किए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

गांव सरफाबाद में वीरवार दोपहर को उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पशुबाड़े में खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। मृतक युवक की पहचान गांव सरफाबाद निवासी पवन उर्फ मकी (28) के रूप में हुई है। वारदात को अंजाम पड़ोस के ही एक युवक द्वारा दिया गया है। मामला किसी पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया गया है। जिसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। साथ ही मामले में एक महिला को भी हिरासत में ले लिया गया है। सूचना पाकर डीएसपी गौरव शर्मा, सदर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार, पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी दीवान सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं वारदात की जांच के लिए सीआईए स्टाफ की टीम पर घटनास्थल पर पहुंची। जींद से एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना एक फावड़ा व दो बिंडे बरामद किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार वीरवार दोपहर के समय डायल 112 पर सूचना आई कि गांव सरफाबाद के एक पशु बाड़े में युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तुरंत सरफाबाद चौंकी इंचार्ज वजीर व डायल 112 की गाड़ियां मौके पर पहुंची। बाड़े में पवन की डैडबॉडी खून से लथपथ पड़ी हुई मिली। जिसके बाद सरफाबाद चौंकी इंचार्ज वजीर ने उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर डीएसपी गौरव शर्मा, सदर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार, पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी दीवान सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का नक्सा बनाकर जांच शुरू कर दी।



जींद। मौके पर जांच करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

**जल्द गिरफ्तार किया जाएगा**

डीएसपी गौरव ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। परिजनों के ब्यान पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्ताार किया जाएगा।

हालांकि अभी तक पुलिस को हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक पवन उर्फ मक्की तीनों भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। वह सफीदो शहर में ही प्रॉपर्टी का काम करता था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

## कैथल : गांव सिरटा में बेटे ने नहीं की थी मां की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के सिरटा गांव में गत 28 अप्रैल को 17 वर्षीय नाबालिग बेटे की ओर से मां ही हत्या करने के मामले में नया मोड़ आया है। इस मामले में मृतक महिला की वीरवार को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला की हत्या नहीं हुई। जबकि महिला ने आत्महत्या की थी। इस रिपोर्ट के बाद अब कैथल सदर थाना की पुलिस ने भी पहले दर्ज की हत्या की धाराओं को हटा दिया है। इसमें अब पुलिस ने इसमें आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने की धाराएं लगाई हैं। मामले में आरोपी किशोर को वीरवार को पुलिस की ओर से जुवेनाइल बोर्ड की अदालत में पेश किया गया। जहां पर सुनवाई करने के बाद उसे जमानत दे दी गई है। यह जानकारी कैथल के सदर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने दी है। सिरटा गांव में 28 अप्रैल की सुबह के समय 17 वर्षीय बेटे ने अपनी मां की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा था। इसके बाद सदर थाना की पुलिस ने मृतका के भाई डोहर निवासी विनोद कुमार की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।



जींद। नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

## मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

- 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी सभी आशा वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर जिलेभर की आशा वर्कर्स ने एएनएम द्वारा अपने साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार, बदतमीजी और अपने काम को आशा वर्कर्स से करवाने और धमकियां देने के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएमओ पालेराम कटारिया के मार्फत स्वास्थ्य विभाग के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलेभर की आशा वर्कर्स नागरिक अस्पताल में एकत्रित हुई और यहां पर यूनियन की जिला प्रधान नीलम की अध्यक्षता में धरना दिया गया। संचालन सचिव राजबाला ने किया।

नीलम ने कहा कि आशा वर्करों के साथ स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ खासकर एएनएम द्वारा बदसलूकी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। एएनएम आशा वर्करों से आरसीएच रजिस्टर का काम जबरदस्ती करवाया जा रहा है। साथ ही अपने ऑनलाइन काम भी आशा वर्करों से ही करवाते हैं। इस कारण आशा वर्कर्स द्वारा किए जाने वाले काम प्रभावित होते हैं। अगर आशा वर्कर्स काम से मना करती हैं तो एएनएम आशा वर्करों के सेल्फ अप्रेजल पर साइन नहीं करने की बात कहते हैं। इससे आशा वर्करों के इंसेंटिव कट जाते हैं। एएनएम आशाओं को नौकरी से हटाने की भी धमकियां देती हैं। लाभार्थियों के सामने एएनएम आशाओं को अपशब्द बोलती हैं, जिससे आशा वर्कर मानसिक रूप से प्रताड़ित होती हैं। बहादुरगढ़ की आशा वर्कर्स ने एएनएम द्वारा प्रताड़ित करने पर आत्महत्या करने की कोशिश की। लोहारू पीएचसी में आशा वर्कर्स पर जानलेवा हमला किया गया।

## मीट विक्रेता दुकान में मृत मिला, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बराह खुर्द बस अड्डे पर वीरवार को मीट विक्रेता दुकान में मृत पाया गया है। मृतक के शरीर पर चोट वगैरा का नया कोई निशान नही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह मे रखवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भलस्वा दिल्ली निवासी राजेद्र (32) गांव बराह खुर्द बस अड्डे पर दुकान किराये पर लेकर मीट की दुकान चलाता था। जो वीरवार को दुकान में मृत पाया गया। मृतक के शरीर पर कोई नया चोट वगैरा का निशान नही था। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया। बताया जाता है कि राजेंद्र शराब पीने का आदी था। तीन चार दिन पहले सडक़ हादसे में घायल हो गया था। टांग पर प्लस्तर बंधा हुआ था, पुरानी चोट के निशान थे। घटना का उस समय पता चला जब वीरवार को राजेंद्र ने देर तक दुकान नहीं खोली थी।

### संदिग्ध हालात में महिला का शव फंदे पर लटका मिला

**जींद।** गावं पीपलथा मे संदिग्ध हालात मे महिला फांसी के फंदे पर लटकता मिली है। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पीपलथा निवासी अनिल की पत्नी आशा (30) का शव मकान में वीरवार दोपहर बाद फांसी के फंदे पर लटकता देखा गया। सूचना मिलने पर मृतका का मायका पक्ष भी मौके पर पहुंच गया। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले नरवाना के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मायका पक्ष ने आशा की मौत पर संदेह जताया है।

## संतोख माजरा में शॉर्ट सर्किट के कारण गाड़ी में लगी आग

- तीन व्यक्तियों से मुश्किल से बचाई जान, गाड़ी पूरी तरह जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव संतोख माजरा में शॉर्ट सर्किट से कार में आग लगने से गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। जबकि गाड़ी में सवार तीन लोगों ने बड़ी मुश्किल से जान बचाई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस भी मौके पर पहुंची। जानकारी देते चंडीगढ़ निवासी प्रिंस ने बताया कि वह अपनी ससुराल गांव संतोख माजरा आया था और अपनी गाड़ी खेत में निजी काम से गया था कि गाड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गाड़ी चंद मिनटों में ही लबालब जलने लग गई। जिससे बड़ी मुश्किल उन्होंने अपने आप को बचाया। आग लगने की सूचना तुरंत 112 और फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई। जिससे मौके पर आग बुझाने के लिए फायरब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



कैथल। गांव संतोख माजरा खेतों में शॉर्टसर्किट से जलती गाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## सिविल लाइन थाना प्रभारी पर पंचायत सदस्य को थप्पड़ मारने का लगाया आरोप

- पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच डीएसपी को सौंप दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के सिविल लाइन पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी द्वारा एक पंचायत सदस्य को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पंच सिविल अस्पताल पहुंचे तथा बाद में उन्होंने इसकी शिकायत एसपी को दी। एसपी ने मामले की जांच डीएसपी को सौप दी है।

डेरा गदला के पंच अमृत ने बताया कि उनके साथ बैंक द्वारा 4 लाख की धोखाधड़ी की थी। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी थी। कई दिन बीतने के बाद जब उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई तो वे वीरवार को गांव के कुछ लोगों के साथ सिविल लाइन थाना गए थे। आरोप है जैसे ही उन्होंने कार्यवाही करने में देरी की बात कही तो थाना प्रभारी चिढ गए तथा उनके साथ दो अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ मिलकर उसको थप्पड़ मारा तथा उन्हें अंदर करने की धमकी भी दी। थप्पड लगने के कारण उनके कान के पर्दे को चोट पहुंची। उसने अपना उपचार कैथल के नागरिक अस्पताल में करवाया। बाद में वे मामले को लेकर एसपी आस्था मोदी से मिले तथा इसकी शिकायत की। एसपी ने मामले की जांच डीएसपी को सौप दी है। उनका कहना था कि वे मामले में डीजीपी और मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेंगे। पुलिस थाने लोगों को न्याय दिलाने के लिए बनाए गए हैं न कि मारपीट के लिए। उन्होने कहा कि अब न्याय मांगना भी दुश्वार होता जा रहा है।



कैथल। मामले की जानकारी देते पंच अमृत

**सभी आरोप झूठे**

थाना सिविल लाइन कैथल प्रभारी शिव कुमार ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। पंचायत उनसे मिलने के लिए आई थी तथा पंचायत सदस्यों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

## विदेशी साले के लड़के ने फूफा को लगाया साढ़े चार लाख रुपये का चूना

- खाते में 18 लाख 15 हजार भेजने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दुबई में रह रहे साले का लडक़ा बन कर एक व्यक्ति को छह लाख 49 हजार का चूना लगा दिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामराय निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका साला का लडका दुबई मे रहता है। गत 26 अप्रैल को उसके फोन पर काल आई। काल करने वाले ने फूफा कह कर बातचीत शुरू की। जिस पर उसने बात करने वाले का साले का लडका समझा। उसने खाते नबर लेते हुए 18 लाख 15 हजार रुपये डालने की बात कही। कुछ समय के बाद रुपये लेने का बात कही। फिर शाम को फोन आया कि फूफा जी उसके दोस्त का बेटा दिल्ली हस्पताल मे भरती है। उसे रुपयों की सख्त जरूरत है। डेढ लाख रुपये उसके खाते मे भेज दो उसने राशि का डालवा दिया। उसने कहा कि फूफा जी रुपये जल्दी वापस आ जाएंगे। फिर अगले दिन फोन कर कहा कि उसके दोस्त को ज्यादा रुपयों की जरूरत है। जिसके बाद उसने अलग-अलग तारीखों में चार लाख रुपये और डलवा दिए। 29 अप्रैल तक वह आरोपितों के खाते में छह लाख 49 हजार डलवा चुका था। आरोपितो की रुपयों की बढ़ती डिमांड पर उसे संदेह हुआ। जिस पर उसने अपने साले से बातचीत तो उसने बताया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

### 350 घरों वाले गांव के हर घर में पेयजल की सप्लाई व हर नल पर लगी टेप

# पेयजल व्यवस्था में चाबरी जींद में बनेगा रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्राम पंचायत चाबरी पेयजल व्यवस्था में रोल मॉडल गांव बनेगा। चाबरी ग्राम पंचायत द्वारा विभाग के साथ मिलकर पेयजल सप्लाई की अच्छी व्यवस्था की गई है। इसकारण गली के अंतिम छोर और हर घर तक पेयजल की आपूर्ति होती है। गांव में हर नल पर टेप लगी होने के कारण पेयजल की बर्बादी नहीं होती। इसके साथ ही गांव में कही पर भी लीकेज नहीं होने और अस्वच्छ कनेक्शन नहीं होने के कारण शुद्ध और स्वच्छ क्लोरीन युक्त पेयजल ग्रामीणों को मिल रहा है। अब तक गांव में दो टयूबवेल से पेयजल की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन शीघ्र ही नए बने जलघर के माध्यम से नहरी पानी से ग्रामीणों की प्यास बुझेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने गांव चाबरी और ढिगाना में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक ली। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जींद में स्थापित जिला परीक्षण प्रयोगशाला एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। खंड समन्वयक दिनेश मलिक और सोमलता सैनी ने जल संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि जल जीवन के लिए उपयोगी है। इससे बचाकर रखना चाहिए। चाबरी सरपंच डॉ. रोहताश कुमार ने कहा कि पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ गांव का सुंदरीकरण भी किया जा रहा है। गांव की सात एकड़ पंचायती जमीन पर जिले का बड़ा वाटर पार्क बनाया जा रहा है। इसके साथ ही चार एकड़ में सौर ऊर्जा प्लांट भी लगाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। टीम ने दोनों गांव के जलघर, ट्यूबवेल, बूस्टर और घर-घर जाकर पेयजल की जांच की और पानी के सैंपल भरे। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता अमित ढांडा, राजेश, मोनू, धर्मबीर, सतबीर, राजेंद्र भी मौजूद रहे।



जींद। गांव संतोख माजरा खेतों में शॉर्टसर्किट के कारण जलती हुई गाड़ी।

## जिले में सरकारी कर्मचारी अधिकारियों की छुट्टियां रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति के आदेशानुसार जिले में सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की आगामी आदेशों तक छुट्टियां रद कर दी गई हैं। जो कर्मचारी या अधिकारी छुट्टी पर चल रहे थे, उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए हैं। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने में आवश्यक कदम उठाने में परेशानी न हो। डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में उन कर्मचारियों व अधिकारियों की छुट्टियां रद की हैं, जो इस समय छुट्टी पर चल रहे थे या जिन्होंने आने वाले दिनों के लिए छुट्टियां मंजूर करवाई हैं। छुट्टी पर चल रहे कर्मचारियों व अधिकारियों को ड्यूटी ज्वाइन करने को कहा गया है। यह भी कहा कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी बिना अनुमति के स्टेशन नहीं छोड़ेगा। डीसी ने कहा कि बुधवार को की मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट में जिला वासियों का काफी अच्छा सहयोग रहा। आने वाले दिनों में यदि कोई ऐसी आपात स्थिति आती है तो सभी से अपील की जाती है कि सतर्क रहते सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें। घबराने की बजाए सतर्क रहते रहें।

## खबर संक्षेप

### तारीख भुगत कर जा रहे व्यक्ति पर किया हमला

**जींद।** दपती विवाद के चलते सफीदो अदालत में तारीख भुगत कर जा रहे कार सवार व्यक्ति पर दो गाड़ियों में आए लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। हमलवारो ने गाडी मे भी तोडफ़ोड़ की। सदर थाना सफीदो पुलिस ने घायल की शिकायत पर सात लोगों को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जींद: पैसे के लेन देन में हवाई फायरिंग, हड़कंप

**जींद।** गांव दुडाना में हवाई फायर होने से हंड़कप मच गया। गनीमत यह रहा कि कोई हताहत नही हुआ। घटना के पीछे रुपयों का लेने देने बताया जा रहा है। अलेवा थाना पुलिस शिकायत के आधार पर केस की जांच कर रही है। दुडाना निवासी पाला राम ने गांव के ही हजारा की जमीन ठेके पर ली है।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव कलौदा कलां मे युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। कलौदा कला दिनेश ने गत 16 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उसके चचरे भाई ने सावन ने लगभग डेढ साल पहले गांव शीशवाल निवासी रत्न की मार्फत उसके बुआ के बेटे गांव जैजवती निवासी मंगल से छह लाख में बोलेरो गाड़ी खरीदी थी।

### ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**कैथल।** मानस रोड बाइपास पर ट्रक के नीचे आने से बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। दोनों एक बाइक पर सवार होकर मानस की तरफ से कैथल शहर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे बाईपास पर पहुंचे तो पास से गुजर रही एक पिकअप गाड़ी ने उन्हें साइड मार दी और उनकी बाइक सामने से आ रहे ट्रक के नीचे घुस गई।

### दो किसानों के खेतों से मोटर और केबल चोरी

**जींद।** गांव बुडायन मे खेतों से दो किसानों की बिजली मोटर, स्टाटर, केबल गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुडायन निवासी रामभज ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरो ने उसके खेत से बिजली मोटर, दूसरे सोनू के खेत से स्टाट्र, केबल व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### उपकरण तथा बैटरी सैल चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** थाना कलायत क्षेत्र से टावर से बीबीयू उपकरण तथा बैटरी सैल चोरी करने के मामले की जांच सीआईए -1 पुलिस के एएसआई राजीव कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी भिवानी रोड़ जींद निवासी अली को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दालमवाला निवासी रणबीर सिंह की शिकायत अनुसार आरएस सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** रविदास मोहल्ला से संदिग्ध हालात मे युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविदास मोहल्ला निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### बाइक चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते बाइक चोरी करने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एएसआई रघुबीर की टीम द्वारा करते आरोपी गांव ट्योंठा निवासी बलराज को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुराना रोड़ कैथल निवासी मंजीत सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

## खबर संक्षेप

### त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता

जींद। लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जन समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को मौके पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने जल आपूर्ति से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव मनोहरपुर से युवती के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनोहरपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### प्लाट में रखी टंकी से गेहूं चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव दिल्लूवाला प्लाट से गेहूं गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दिल्लूवाला निवासी सोहन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसने प्लाट में गेहूं की टंकी रखी हुई थी। रात को चोरो ने उसमे से गेहूं को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने सोहन की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जय भगवान सिंगला की माता का निधन

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जिला के संयुक्त सचिव एवं रोहतक रोड निवासी जय भगवान सिंगला की माता प्रेमवती का निधन हो गया है। वे करीबन 82 वर्ष की थी। उनके निधन पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजकुमार गोयल ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रेमवती एक धार्मिक विचारों वाली महिला थी।

### महिला से अश्लील हरकत करने पर तीन नामजद

जींद। सदर थाना सफीदों थाना इलाके में महिला से अश्लील हरकत करने तथा मारपीट करने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी विजय परिवार के साथ झगड़ा हो गया था। मारपीट के दौरान विजय ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के खाते से 3.90 लाख रुपये गायब

जींद। सेवानिवृत्त अध्यापक के खाते से तीन लाख 90 हजार रुपये गायब हो गए। हैरानी की बात यह है कि राशि निकलवाने के ओटीपी नंबर भी नहीं आया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। प्रेमनगर नरवाना निवासी सतपाल ने शिकायत में बताया वह सेवानिवृत अध्यापक है। उसका ओल्ड कोर्ट रोड पर बैंक में खाता है।

### बुखार आने पर तुरंत करवाएं रक्त की जांच

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के अंतर्गत रामगढ़ और खेड़ा रामराय गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश कुमार के नेतृत्व में गांव का दौरा किया। स्वास्थ्यकर्मी सुरेंद्र, कुलदीप, बजरंग, संदीप और विकास मलिक ने बुखार पीड़ितों की स्लाइड बनाई और नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के बचाव के तरीके बताए।

### ईश्वरीय व्यवस्था में लेने का नाम देना : रामनिवास

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर गायत्री यज्ञ के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वरीय व्यवस्था में लेने का नाम देना है। उन्होंने कहा कि बीज को वृक्ष बनने से पहले गलना पड़ता है। आज कल बहुत से लोग परमात्मा के भजन में बाद में बैठते हैं। उसका फल पहले मांगने लगते हैं।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में मनाया मदर्स-डे

# विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में मां की भूमिका महत्वपूर्ण : प्राचार्य

### विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने अभिनय, गायन, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी माताओं के लिए पूल पार्टी का भी आयोजन किया गया। इससे माहौल में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी रुद्राक्ष मिड्ढा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद छात्रों द्वारा एक से एक सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। जैसे कि नाट्य मंचन मां की ममता, समूह गान मां तेरी ममता, एवं कत्थक नृत्य की प्रस्तुति, जिसने उपस्थित सभी माताओं को भावविभोर कर दिया। रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की प्रेरणा और संस्कारों की जननी है। उन्होंने कहा कि मां के बिना समाज की कल्पना अधूरी है क्योंकि वही प्रथम गुरु होती है। जो जीवन के प्रारंभिक संस्कार देती है उन्होंने सभी बच्चों से अपील की कि वह अपने माता-पिता, विशेष रूप से अपनी मां का सम्मान करें और मातृ दिवस केवल एक दिन नहीं होता बल्कि हर दिन मां का सम्मान करना चाहिए। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन है। मां हमारे जीवन की पहली शिक्षक होती है, जो हमें निःस्वार्थ प्रेम, धैर्य और त्याग का पाठ पढ़ाती है। आधुनिक जीवनशैली के दौर में जहां व्यस्तता अधिक है, वहाँ ऐसे विशेष दिन हमारी भावनाओं को पुनः जागृत करने का अवसर प्रदान करते हैं।



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे व पूल पार्टी का मजा लेती बच्चों की माताएं। फोटो :हरिभूमि



मदर्सडे केवल एक दिन नहीं बल्कि हर दिन मां का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी के चरित्र निर्माण में माँ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। मां की ममता, उसकी सीख और उसका अनुशासन बच्चे को भविष्य का एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। कार्यक्रम में माताओं को सुपर मॉम, कुशल गृहिणी, प्रेरणास्त्रोत माता जैसे खिताबों से सम्मानित किया । विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहा है। आयोजन से विद्यालय ने भावनात्मक एवं सांस्कृतिक पक्ष को सशक्त किया है।


# पोस्टर मेकिंग में पायल अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस के बारे में बताया कि प्रथम विश्व युद्ध के बाद हेनरी डूनोट ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए इसकी स्थापना की थी और आज यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ख्याति प्राप्त संस्था है और उन्होंने छात्रों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए क्योंकि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में छूपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम, सागर ने दुसरा तो अशोक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी इंचार्ज सविता, नीरज, विश्वजीत सिंह, सुशील कुमार, महिपाल ग्रोवर आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



जुलाना। प्रतियोगिता में भाग लेते कालेज के छात्र और छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



सफीदों। विद्यार्थियों को संबोधित करते डा. जयविंद्र शास्त्री। फोटो :हरिभूमि

### एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

सफीदों। नगर के राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी मानव सेवा का प्रतीक है। युवाओं को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए ऐसे संगठनों से जुडना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डा. जयविंद्र शास्त्री ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस सोसाइटी के उद्देश्यों, इतिहास और समाज में इसके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मौके पर रूचि भारद्वाज, डा. सुनील देवी व भावना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कलः मोनिका

जींद। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार 10 मई को न्यायिक परिसर जींद, उपमंडल नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए छह पीठों का गठन किया है। बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट कीर्ति जैन, मुख्य दंडाधिकारी अमित सिहाग, जेएमआईसी पारिन्द्र सिंह, नरवाना उपमंडल पर अश्वनी गुप्ता, सफीदों उपमंडल स्तर पर जेएमआईसी अमित जैन को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया कि आपसी समझौते से हर हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है।

### कला केवल रंगों और आकृतियों की साधना नहीं

जींद। कला केवल रंगों और आकृतियों की साधना नहीं होती, अपितु यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है। यह एक ऐसा दर्पण है जो समाज की सच्चाई, पीड़ा, चेतावनी और दिशा को दर्शाता है। आतंकवाद के विरुद्ध अपने व्यंगात्मक चित्रों में दीपक कौशिक राष्ट्रहित, सेना का सम्मान और निर्णायक सरकार का चित्रण करके आम जनमानस के सामने रखकर आतंकवाद को बेनकाब करने का प्रयास करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ चित्रात्मक संघर्ष दीपक कौशिक की कलाओं में एक प्रमुख पक्ष है। जब देश ने पुलवामा आतंकी हमले जैसे दर्दनाक घटनाओं का सामना किया। पहलगाम में पर्यटकों पर हमला हुआ, तब उनकी तूलिका चुप नहीं रही। उन्होंने चित्रकला के माध्यम से समाज के सामने सेना के शौर्य और पराक्रम को अपने चित्रों में प्रस्तुत किया।



नरवाना। छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय में युवा रेड क्रास द्वारा राज्य रेड क्रास दिवस मनाने के लिए प्राथमिक उपचार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या वीना कुमारी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप मे सीएचसी अलेवा से डॉ. अन्नू ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. मधु बाला ने किया। डॉ. अन्नू ने कहा कि प्राथमिक उपचार एक प्रतिदिन उपयोग होने वाला विषय है। अचानक चोट लगने, चक्कर आने या कोई अन्य शारीरिक रोग का प्रथम उपचार करने का विषय है। इस सेमिनार में प्राथमिक उपचार के बारे में विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।



नरवाना। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### डीसी की पराली न जलाने की किसानों से अपील

जींद। जिले में रबी विपणन सीजन के तहत गेहूं की खरीद एवं उठान कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है। इस संबंध में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं का त्वरित उठान सुनिश्चित किया जाए। ताकि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों, विशेष रूप से संभावित वर्षा से फसल की सुरक्षा की जा सके और भंडारण व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव न पड़े। उन्होंने बताया कि जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 7,02,683 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष गेहूं के उठान की प्रक्रिया में तीव्रता लाई जाए, जिससे मंडियों में फसल का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जा सके और किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

### नियमों की पालना की दिलाई शपथ

नरवाना। शहर के पटियाला रोड पर स्थित राजकीय बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान में वीरवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के ईएचसी भीम सिंह ने विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा से जुड़े नियमों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट या सीट बेल्ट का उपयोग, स्पीड लिमिट का पालन और फोन से दूरी जैसे नियम न केवल हमारी सुरक्षा के लिए जरूरी है। बल्कि दूसरों के जीवन की रक्षा में भी सहायक होते हैं। छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाएं कैसे जानलेवा साबित हो सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राथमिक उपचार विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करती डॉ. अन्नू। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल में मनाया गया मदर्स-डे

नरवाना। पतराम नगर नरवाना स्थित वीएस फाउंडेशन प्ले स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन संदीप मित्तल ने बताया कि इस मौके पर स्कूल में प्रदीप मित्तल भाजपा आईटी प्रमुख, कपिल शर्मा सिविल डैंटल सर्जन व रिया शर्मा एलएमओ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रदीप मित्तल ने कहा कि मदर्स डे दुनिया की सभी माताओं को समर्पित है, मां का कोई दिन नहीं बल्कि पूरी जिंदगी मां की होती है। विद्यालय के चेयरमैन संदीप मित्तल ने बताया कि स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों व उनकी माताओं ने कविता, स्लोगन, चित्रकारी व डांस करके मदर्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।



जींद। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कृष्ण प्रदेशाध्यक्ष तो राजबीर बने महासचिव

जींद। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ रजि नं. 1342 संबंधित हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ का तृतीय अधिवेशन पुराना बस स्टैंड रोडवेज मंदिर हॉल में हुआ। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर कृष्ण लाल गुज्जर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पंजाब और हरियाणा प्रभारी, हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम व राज्य महासचिव राजेंद्र सिंह ने शिरकत की। सम्मेलन में पुरानी राज्य कमेटी को भंग कर नई कमेटी का विस्तार किया और अधिवेशन में सैकड़ो कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें कृष्ण सिंह छिक्कारा को प्रदेश अध्यक्ष, राजबीर शर्मा को प्रदेश महासचिव, ओमप्रकाश यादव नारनोल डिपो, राजेश शर्मा निर्जन को जींद डिपो, जसबीर सिंह रोहतक डिपो व रामबीर फौजी को उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रवीण कोषाध्यक्ष दिल्ली डिपो, संजीत सह सचिव दादरी डिपो, संदीप बहादुरगढ़ सब डिपो, संजय सह सचिव यमुनानगर डिपो बनाया गया।

# ईश्वर अम्मा दिवस पर एसपी मेमोरियल स्कूल में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री सत्य साईं सेवा संगठन (हरियाणा एंड चंडीगढ़ जिला जींद ) द्वारा ईश्वर अम्मा दिवस के उपलक्ष्य एक समारोह का आयोजन एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल जींद में किया गया। समारोह में बाल-विकास कक्षाओं के बच्चों की श्लोक गायन, भाषण, भजन, कविता एवं नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। समारोह में सभी बच्चों ने अपनी बहुत ही सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां दी। विशाखा ने मां की ममता पर जब आंख खुली तो अम्मा के आंचल का एक सहारा था बहुत ही सुंदर एवम मार्मिक कविता सुनाई। हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने कृष्ण जी के भजन पर अपनी बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी। एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों ने तूने उंगली पकड़ के चलना सिखाया और तुमसे पहले लेंगे मम्मी पापा का नाम ओम साईं राम पर अपनी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागी बच्चों को एवं बाल विकास गुरुओं की मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह 15 समिति सदस्यों ने परिवार सहित, 60 बच्चों एवं कुछ अभिभावकों ने विकास गुरुओं, स्कूलों के स्टाफ मेंबर्स तथा कुछ अतिथियों सहित 155 ने अपनी उपस्थिति दी।





जींद। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 60 ने किया रक्तदान

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा एवं भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव महेश जोशी के निर्देशानुसार आठ मई को रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कड़ी में वीरवार को सीआरएसयू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर रजिस्ट्रार लवलीन मोहन ने शिरकत की। शिविर में 60 युवाओं ने रक्तदानि दिया। लवलीन मोहन ने कहा कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

## एसडीएम ने किया लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों का निरीक्षण

# ड्यूटी के प्रति पाबंद रहने के दिए सख्त निर्देश

- निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में साफ सफाई व्यवस्था नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालयों में साफ सफाई व्यवस्था अच्छी तरह से नहीं की गई थी। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने कार्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था उचित रखे। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह ड्यूटी के प्रति पाबंद रहे। सही समय पर दफ्तर आए और जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें जो उनका फर्ज ही नहीं बल्कि सरकारी तौर पर दायित्व भी बनता है। इस मामले में किसी भी ढिलाई एवं कोताही को भविष्य में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह भी हिदायत दी कि कार्यालय का हाजिरी रजिस्टर पूर्णतया अपडेट होना चाहिए। इसके अलावा सरकारी या कार्यालय के कार्य से कार्य क्षेत्र से बाहर जाने वाले अधिकारी या कर्मचारी की सूचना भ्रमण रजिस्टर में दर्ज होनी चाहिए। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का काम कागजों में नहीं बल्कि व्यावहारिकता और धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए। कहा कि जनसाधारण अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर सरकारी कार्यालय में आते हैं लिहाजा फरियादी की संतुष्टि और उसकी समस्या का यथासंभव समाधान प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी बनती है। इसमें टालमटोल करने की कोशिश ना करें। ऐसी समस्या जिसका समाधान संबंधित अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में ना आता हो उसमें भी शिकायतकर्ता को सही मार्गदर्शन किया जाए। एसडीएम ने प्रत्येक कार्यालय में व संबंधित शौचालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी कहा ताकि आमजन को सरकारी कार्यालय होने का आभास हो।



कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते एसडीएम।



जींद। हड़ताल को लेकर बैठक करते सीटू कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### सीटू कार्यकर्ताओं की बैठक

जींद। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर होने वाली 20 मई की देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर हाउसिंग बोर्ड में सीटू कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मजदूर नेता सतबीर खरल और कामरेड कपूर सिंह ने कहा कि भाजपा गठबंधन की नवउदारवादी नीतियों के चलते आज देश में महंगाई, बेरोजगारी बदस्तूर जारी है। कहा कि भाजपा सरकार अपने चहेते कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए देश के तमाम सार्वजनिक क्षेत्र को कौड़ियों के भाव लुटा रही है। मजदूर विरोधी लेबर कोड लागू करके मजदूरों को पूंजीपति घरानों को गुलाम बनाने का षड्यंत्र रच रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में तमाम श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। 46वे श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया जा रहा हैं। लंबे समय से काम करने वाली परियोजना कर्मियों व कच्चे कर्मचारियों को न ही तो पक्का किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## छात्रों को मॉक ड्रिल से करवाया अभ्यास

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में छात्रों को मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। सरकार तथा कैथल जिला उपायुक्त द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए स्कूल प्रशासन की ओर से माक ड्रिल की व्यवस्था की गई। बच्चों को निर्देश दिया गया कि वह सायरन की आवाज सुनते ही किसी मजबूत मेज या बेंच के नीचे आ जाएँ, खिड़कियां दरवाजा बंद कर दे। पर्दे लगा दिए जाएं, छिपने के स्थान पर शीघ्रता से पहुंच जाएँ।

## लड़ाई-झगड़ा मामले में बेलजंपर आरोपी दबोचा

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा वर्ष 2021 दौरान के लड़ाई झगड़ा मामले में उद्घघोषित अपराधी कानूनगो मोहला कैथल निवासी गौरव को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी राहुल पर 28 फरवरी 2019 को पेहवा चौक कैथल पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर हमला करके चोटे मारने का आरोप है।

## संदीप व प्रदीप एएसआई के पद पर प्रमोट

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक कैथल के कार्यालय में कार्यरत संदीप कुमार व प्रदीप कुमार को मुख्य सिपाही से एएसआई के पद पर प्रमोट होने पर एसपी आस्था मोदी ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है।

## शीतल को गिफ्ट मेडल प्रदान किया

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली की होनहार छात्रा शीतल को उसकी असाधारण प्रतिभा अनुशासन सहयोगी स्वभाव और संस्कारी व्यवहार के लिए स्कूल की ओर से विशेष सम्मान गिफ्ट एवं मैडल प्रदान किया।

स्कूल प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि शीतल न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट है बल्कि वह अपनी बुद्धिमत्ता शालीनता और समर्पण से विद्यालय में एक प्रेरणा स्त्रोत बन चुकी है। शिक्षकों की सहपाठियों की सच्ची मित्र और संस्कारों की जीती जागती मिसाल है।

## देर रात भोजन करने से बचना चाहिए : हरिओम

**गुहला-चीका।** भगवान विश्वकर्मा मंदिर, चीका में चल रहे 15 दिवसीय मोटापा और शुगर नियंत्रण विशेष योग शिविर के आठवें दिन का शुभारंभ आज विपिन गोयल (ऑटो स्पेयर पार्ट्स, छोटी मंडी, चीका) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि योग न केवल मोटापा और शुगर जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि यह मानसिक तनाव और अन्य कई रोगों से भी निजात पाने का माध्यम है।

## विधायक सतपाल जांबा का जताया आभार

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में 33 केवी की बिजली लाइन को लेकर उत्पन्न हुए तनाव का समाधान गुरुवार को हल्का विधायक सतपाल जांबा की सक्रियता से हो गया। ध्रुव पब्लिक स्कूल के पास से मूंदड़ी गांव के लिए निकाली जा रही इस लाइन को लेकर स्कूल प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच असहमति पैदा हो गई थी, जिसे विधायक जांबा ने मौके पर पहुंचकर सुझाए गए विकल्प के माध्यम से सुलझा दिया।

## वेयर हाउस गोदाम से 490 गेहूं के बैग गायब

**जींद।** उचाना वेयर हाउस गोदाम से 490 कटटे गेहूं के गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर गोदाम के इंचार्ज तथा सुपरवाइजर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया किया है। ऑर्गो कॉमडेस प्राईवेट लिमिटिड के मैनेजर ऑलसन नायर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उनकी फर्म ने उचाना वेयरहाउस के गोदाम मे गेहू 25 हजार मीट्रिक टन गेहूं का भंडारण किया हुआ था।

### कलायत के आवासीय क्षेत्र व बाजार की गलियों में पानी जमा

# बरसाती पानी की निकासी न होने से आमजन परेशान, जमकर नारेबाजी

विभिन्न वार्डों के आवासीय क्षेत्रों व बाजारों की गलियों में भारी जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर और अनाज मंडी क्षेत्र में बरसात ने बृहस्पतिवार को नगर पालिका के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग के दावों की पोल खोल कर रख दी। इसके चलते विभिन्न वार्डों के आवासीय क्षेत्रों व बाजारों की गलियों में भारी जल भराव हो गया। बरसाती पानी ने दुकानों-मकानों के अंदर दस्तक दी। इससे लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। इस स्थिति ने नगर पालिका के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था की हकीकत पेश कर दी। संजय शर्मा, पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेश, गौरव, शगुन, सतीश और सौरव ने बताया कि बरसात के दौरान नाले पानी की निकासी नहीं कर पाए। जबकि सीवरेज मैन हाल ओवर रहा। नगर शहर के लोगों का कहना है कि बारिश रुकने के बाद भी पानी की निकासी नहीं हो सकी। कई जगहों पर लोगों को अपने घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया। बरसात के दौरान सामने आ रही इस समस्या से दुकानदार व आम लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि सीवरेज प्रणाली व ओपन नालों की स्थिति को मजबूत करने की जरूरत है। क्योंकि जब भी बरसात आती है तो व्यवस्था होचपोच हो जाती है। जगह-जगह नालियों का पानी सडकों-गलियों में बहने लगता है। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती आ रही है। शहर में लंबे समय से जल भराव की समस्या बनी है। इससे अधिकारियों पर सवाल उठ रहे हैं।





**कलायत।** अनाज मंडी में मां दुर्गा मंदिर के पास जमा बरसात का पानी व कलायत में जल भराव की समस्या की जानकारी देते लोग।

### समस्या को लेकर प्रशासन गंभीर

नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान और सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा ने कहा कि पानी निकासी को लेकर प्रशासन गंभीर है। कई ऐसी योजनाएं निकासी को लेकर सरकार द्वारा बनाई गई हैं जिनके पूरा होने से जल भराव की समस्या नहीं आएगी। प्रशासन निकासी को लेकर प्रबंधन करने में निरंतर लगा रहता है।

### गेहूं के कट्टे भीगे

बरसात के कारण अनाज मंडी, भंडारण स्थलों व अन्य स्थानों पर गेहूं के कट्टे बुरी तरह भीग गए। इनमें खुले कट्टे भी शामिल है। इससे अनाज खराब होने की संभावना बढ़ गई है। इससे सरकार को नुकसान होता है और जिन घरों में यह अनाज पहुंचता है उन्हें यह गुणवत्ता आधारित उपलब्ध नहीं हो पाता।

### वार्ड नंबर 10 की गली में कीचड़ से लोग परेशान



**राजौंद।** वार्ड नंबर 10 की गली में भरे कीचड़ से लोग परेशान हो रहे हैं। आलम यह है कि एक कदम भी सड़क से गुजरा नहीं जाता। जिससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को और भी परेशानी हो रही है। सड़क पूरी तरह गंदगी व कीचड़ से लबालब भरी हुई है। पिछले लंबे समय से वार्ड नंबर 10 के निवासी इस समस्या को लेकर परेशान हो रहे हैं। लेकिन कोई भी समाधान नहीं निकल रहा। इसे लेकर आए दिन लोगों में प्रशासन के प्रति रोष बढ़ रहा है। लोगों ने बताया कि इस गली से निकलना किसी खतरे से खाली नहीं है। इस बारे कई बार प्रशासन को अवगत करवाया गया। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकल रहा। जिससे अब तो घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। पिछले दिनों हुई बरसात से पानी निकासी न होने के कारण सारा पानी गली में भर गया उसके बाद यह कीचड़ में तब्दील हो गया और पूरी गली अब कीचड़ से भरी हुई है। जिससे अब खाली निकलना भी मुश्किल होकर रह गया है। टावर से लेकर रिंग बांध तक जाने के लिए कोई भी रास्ता यहां नहीं है।



**कैथल।** अनाज मंडी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार शिविर में महिलाओं को जानकारी देते हुए।

# सिग्नस अस्पताल के शिविर में १८० व्यक्तियों ने लिया परामर्श

- कैंप दौरान आए व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा मुक्ति अभियान के तहत 7 से 9 मई तक पुलिस व उजाला सिग्नस अस्पताल कैथल के सहयोग से जाखोली अड्डा कैथल स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए मदद चाहने वाले व्यक्तियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा भी दी गई। जो बुधवार को प्रथम दिन करीब 280 व्यक्तियों द्वारा डॉक्टरों से परामर्श लेकर दवाइयां ली गई। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि जिला वासियों नशा मुक्त अभियान में बढ चढ कर भाग ले रहे है। बहुत सारे लोग नशे की लत से छुटकारा पाना चाहते है। जो कैंप दौरान सिग्नस अस्पताल कैथल से डॉक्टर अमन व डॉक्टर किरण की टीम द्वारा परामर्श देकर दवाईयां दी जा रही है। यह कैंप तीन दिन के लिए आयोजित किया गया है। जो शुक्रवार तक जाखोली अड्डा कैथल स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दोपहर 2 से 5 बजे तक नशे की लत से छुटकारा पाने वाले इच्छुक व्यक्ति कैंप दौरान निशुल्क परामर्श उपरांत निशुल्क दवाइयां ले सकते है।

### नशा ना करने बारे जागरूक किया

डीएसपी ने बताया कि कैंप दौरान थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता, चौकी अनाज मंडी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील की टीम कैंप में आए व्यक्तियों सहित अन्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताते नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफड़ों, दिल की बीमारी, शरीर का कमजोर होना, याददाश्त कमजोर होना, एड्स, मानसिक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है। नशे की आदत एक बीमारी है। ज्यादातर सामाजिक, मानसिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोक ही इसका शिकार होते हैं।

# गंभीरता से काम करें अधिकारी : डीसी

- जल की एक-एक बूंद कीमती, इसे बचाने के लिए करें सामूहिक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि घटते भू-जल स्तर में सुधार लाने के लिए सभी विभाग जल संरक्षण की दिशा में गंभीरता से काम करें और भू-जल संरक्षण के लिए जल शक्ति अभियान के तहत बनाए जाने वाले सोखते गड्ढे, रिचार्ज बोरवेल, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने जैसे अपने लक्ष्यों को पूरा करें, ताकि भू जल स्तर में सुधार हो सके। जल की एक-एक बूंद कीमती है, इसका संचय करना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही लोगों को जल बचाने के प्रति जागरूक करें। डीसी प्रीति लघु सचिवालय के सभागार में जल शक्ति अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाए गए ह्यजल संचय-जन भागीदारी-जन जागरूकता की ओरह्न अभियान के तहत सभी संबंधित विभाग अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय पर पूरा करें। गांव व शहर में जल बचाओ जागरूकता अभियान चलाए जाएं और इनमें आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। भू-जल स्तर में सुधार लाने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए सभी मिलकर काम करें। स्कूल, चौपाल, ग्राम सचिवालय, सरकारी भवनों तथा खेतों में रिचार्ज बोरवेल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सोखते गड्ढे बनाए जाएं। जो सिस्टम खराब हालत में पड़े हुए हैं।



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

## सार्वजनिक शौचालय न होने से यात्री दुःखी

**राजौंद।** नगर के महाराणा प्रताप चौक पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यात्री व दुकानदार परेशान है। जिस कारण महिला यात्रियों को भारी मुसीबतें उठानी पड़ती है। कई बार दुकानदारों ने प्रशासन को भी नगर के महाराणा प्रताप चौक पर शौचालय बनाने की मांग की है, परंतु यहां आजतक भी शौचालय नहीं बनाए गए। जिससे दुकानदारों के साथ-साथ यात्रियों को भी भारी दिक्कत हो रही है। दुकानदार बीरू, राजू, दिनेश, कुलदीप, रोहित, श्यामा, बिल्ला, रमेश, सुरेश, संटी, राजू ने बताया कि नगरपालिका बनने के बाद उन्हें उम्मीद हुई थी कि अब चौंक पर शौचालय का निर्माण अवश्य होगा। लेकिन बरसो बीत गए परंतु सामूहिक शौचालय बनना तो दूर की बात आज तक एक शौचालय तक नही बन सका। जिससे लोगों में भारी रोष है। इन लोगों ने कहा कि असंध रोड पर स्थित बस स्टेंड से भी ज्यादा यात्री इस चौक पर खड़े होते हैं।

# कलायत नपा में सीएम फ्लाइंग का छापा

- चार घंटे चली जांच के दौरान छानबीन के घेरे में रही प्रोसिडिंग बुक, प्रोपर्टी आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

नगर पालिका में बुधवार को मुख्यमंत्री फ्लाइंग ने औचक छापा कार्यवाही की। फ्लाइंग डीएसपी पवन कुमार के दिशा-निर्देश पर सब इंस्पेक्टर बजिंद्र सिंह व सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने टीम के साथ करीब चार घंटें पालिका में डेरा जमाए रखा। जांच की कार्यवाही नपा सचिव पवन शर्मा के बंद कमरे में चली। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंच मचा रहा। जबकि पार्षदों, समाज सेवी संगठनों और शहर के लोगों ने इस छापा कार्यवाही का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनहित व जन भावना से जुड़े कार्यों को सरकार की नीति अनुसार पूरा करवाने के लिए नगर पालिका की स्पेशल निगरानी की जरूरत है।

प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्य रूप से टीम ने नगर पालिका की प्रोसिडिंग बुक, प्रोपर्टी आईडी, डोर टू डोर सफाई, कामन शौचालय-पब्लिक शौचालय, पार्क रखरखाव टेंडर, डोर टू डोर सफाई, विभिन्न तरह के भुगतान व विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े रिकार्ड सहित कई अहम बिंदुओं को आधार बनाकर जांच को विस्तृत रखा। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता निरंतर हर कार्य से जुड़े रिकार्ड को निर्धारित नियमों की कसौटी पर परखने में लगा रहा। इसके साथ ही टीम ने ग्राउंड पर जाकर भी डोर टू डोर सफाई व नपा संबंधित कार्यों का मुआयना किया।



**कलायत।** रिकार्ड की छानबीन करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी फोटो : हरिभूमि

## बाकल स्कूल में छात्रों को बांटी 150 वर्दियां

**पूंडरी।** गांव बाकल स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एक विशेष वर्दी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच नरेंद्र कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हलका विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की। समारोह के दौरान सरपंच नरेंद्र कुमार की तरफ से स्कूल के 150 छात्र-छात्राओं को नि*शुल्क यूनिफॉर्म वितरित की गईं। वर्दी वितरण को लेकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने सरपंच की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एक प्रेरणादायी प्रयास है।

# मिशन बुनियाद लेवल-3 परीक्षा का परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक बलबीर कश्यप ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा और विकल्प फाउंडेशन रेवाड़ी के संयुक्त तत्वाधान में चल रही महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें हरियाणा से कुल 5947 बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। इसमें 3531 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है और 2416 बच्चे वेटिंग में रखे गए हैं। स्टेट लेवल पर 23 नंबर लेने वाले दो बच्चे है लेकिन जैस्मिन जांगड़ा पुत्री कुलदीप जांगड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समैन खंड टोहाना जिला फतेहाबाद ने 25 में से 23 अंक लेकर हरियाणा में प्रथम स्थान हासिल कर टॉप किया है। हरीश पुत्र नरेश कुमार राजकीय उच्च विद्यालय मोची वाली खंड भुना जिला फतेहाबाद ने 25 में से 23 अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 22 नंबर लेने वाले 5 बच्चे है जिनमें गगनदीप पुत्र सतवीर सिंह समीर पुत्र हरविंदर सिंह, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोरका, सुमीत राजकीय मिडिल स्कूल ढाका ढाणी, रीतू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनवाली और सरीचा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना से है। सरिचा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना ने 25 में से 22 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। 21 नंबर लेने वाले भी दो बच्चे मंशू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहला और लोकेश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा है।

### खंड राजौंद से सरीचा राज्य स्तर पर तृतीय

कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे खंड राजौंद से सरीचा पुत्री बलजीत ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान, जिला और खंड स्तर प्रथम स्थान हासिल कर माता पिता, गांव ,खंड और जिले का नाम रोशना करके हम सभी का मान बढ़ाया है। बताया कि जिला कैथल के कुल 335 बच्चों का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें से 191 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है और 144 बच्चे वेटिंग में रखे गए हैं। जिला स्तर पर भी सरीचा पुत्री बलजीत ने प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में 12 नंबर 3 बच्चों ने प्राप्त किए है जिसमें शुभम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा,अंकित आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी, हरमान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलबेडा यह सभी बच्चे दूसरे स्थान पर रहे। 11 नंबर लेकर तीसरे स्थान पर दिव्यांशु राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्योड़क,करण ग्रोवर राजकीय माध्यमिक विद्यालय सारण तीसरे स्थान पर रहे। 10 नंबर लेकर चौथे स्थान पर नव्या आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी और प्रिय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना खंड स्तर पर तीसरे स्थान पर रहे।इसी प्रकार जिला कैथल के अंतर्गत खंड अनुसार इस परीक्षा का परिणाम इस प्रकार रहा।

# आशा वर्कर्स का अन्याय सहन नहीं करेंगे : सुषमा जड़ौला

- 20 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में आशा वर्कर्स बढ़ चढ़ कर भाग लेगी

**कैथल।** आशा वर्कर्स के बकाया वेतन के तुरंत भुगतान, विभाग द्वारा सेल्फ अप्रेजल परफॉर्म उपलब्ध करवाने बारे एवं भिवानी की आशा वर्कर सुमन, दीक्षा के साथ द्वारा की गई मारपीट एवं आशा वर्कर्स से करवाई जा रही बेगारी के खिलाफ आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबद्ध सीटू के आह्वान पर जिले की सैकड़ो आशा वर्करों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर मिशन निदेशक को ज्ञापन भेजा। विरोध कार्रवाई के दौरान सीटू समेत केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर होने वाली 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का आह्वान किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर आशा वर्कर्स से बेगारी और उत्पीड़न एवं मानी गई मांगों को लागू करवाने की मांग को लेकर जिले की सैकड़ो आशा वर्कर जवाहर पार्क में जिला प्रधान सुषमा जड़ौला के नेतृत्व में एकत्रित हुई। आक्रोशित आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए जिला सचिव कविता

ने कहा कि 2023 की हड़ताल के अंदर सरकार की सहमति के अनुसार आशा वर्कर्स के कटे हुए पैसे अभी तक नहीं मिले हैं।

## खानपूर के राजकीय स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



**कैथल।** मातृ दिवस के अवसर पर राजकीय माद्यमिक विद्यालय खानपुर में मातृदिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल इंचार्ज रेखा देवी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पावर ग्रिड पट्टी अफगान के डीजीएम मुनीश गुप्ता ने शिरकत की। मुख्य अतिथि मुनीष गुप्ता ने मााताओं की महत्ता बताते हुए कहा कि माताएं हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि माताओं का प्यार, समर्पण और बलिदान हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। स्कूल इंचार्ज रेखा देवी ने माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि माताएं हमारे जीवन को आकार देती है। हमें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में माताओं के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्यार और सम्मान को व्यक्त किया। बच्चों ने माताओं के लिए कविताएं, गीत,सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा माताओं की समाज में दी जाने वाली विशिष्ट सेवाओं को दर्शाया है।

**कार्यक्रम** सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम कोरियोग्राफी ने मोहा दर्शकों का मन

# एसएस बाल सदन स्कूल में मदर्स-डे की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंदाना गेट स्थित एस एस बाल सदन स्कूल में मदर्स डे के कार्यक्रम की धूम रही इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एस सोसाइटी के चेयरमैन रविभूषण गर्ग एवं राजरानी गर्ग ने की वही कार्यक्रम में मुखातिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी राकेश गर्ग एवं बाला गर्ग मौजूद रही.कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में विवेक खरबंदा मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष तौर पर बी.आर.डी.एम की प्राचार्या श्रेया गर्ग एवं सरोजिनी नायडू पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मोनिका बंसल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के पावन चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया.स्कूल स्टाफ के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प कुंज देकर किया.कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसको दर्शको ने खूब सराहा.वही मस्ती की पाठशाला की नाटिका के माध्यम से स्कूली बच्चों ने सन्देश दिया की मानव जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है वही बाल सदन परिवार के लडको के भंगडे को सबने खूब सराहा.नन्ही मुन्ही बच्चियों द्वारा प्रस्तुत कोरियो जिसके बोल थे सर्दी में माँ धुप की चादर गर्मी में बरसात जिसे देख दर्शक भावुक हो गए। बच्चों द्वारा टोटा छोरिया का एवं माँ का दिल नामक नाटिका प्रस्तुत की। छात्राओं द्वारा राज्यस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया जिसके बोल थे घुमर जिसने खूब मनोरजन किया। छोरा मै हरियाणे का नृत्य ने दर्शको को पंडाल में नाचने पर मजबूर कर दिया।



**कैथल।** मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

### मां की नजर में बच्चा कभी भी गलत नहीं होता

राकेश गर्ग ने कहा मानव के जीवन में माँ का सबसे महत्व पूर्ण स्थान है। मां खुद गिले में सोती है और बच्चे को सूखे में सुलाती है उन्होंने कहा माँ की नजर में उसका बच्चा कभी भी गलत नहीं होता.कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विवेक खरबंदा ने कहा कि मां और बच्चे दो जिस्म और एक जान है। बच्चों को थोड़ी तकलीफ का भी मां को झटपट पता चल जाता है। इस अवसर तृप्ता शर्मा,मधु सैनी,कुसुम बिन्दलिश, सुमित्रा परूथी ,अमित कौशिक, मोनिका सहारन, लक्की धीमान, केशव मोहन, सुदेश रानी, कविता सैनी, सोनम भाटिया, शैली मित्तल,पूजा सोनी,दीपिका शर्मा,डिंपी शर्मा आदि मौजूद थे।पर गौतम बंसल,हिमांशु गर्ग,जगदीश गुप्ता आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ऑटो की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** कैथल के पार्क रोड स्थित गोल मार्केट के निकट ऑटो की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। शक्ति नगर कैथल के राहुल ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 मई को सायं के समय करीब 7:00 बजे जब वह गोल मार्केट के निकट से गुजर रहा था तो एक अज्ञात ऑटो चालक ने उसे अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया। एएसआई महेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर 46 हजार ठगे

**कैथल।** एक महिला के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के रूप में थाना शहर कैथल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चंदाना गेट कैथल की संयोगिता ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 मई को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर उसके साथ 46000 की धोखाधड़ी की। जांच अधिकारी एएसआई जयपाल ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सेक्टर- 12 में झगड़ा एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कैथल के सेक्टर 21 में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। राधा स्वामी कॉलोनी सेक्टर 21 के राकेश ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 अप्रैल को जब वह रात करीब 8:00 बजे सेक्टर 21 से जा रहा था तो चार पांच युवकों ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। हेड कांस्टेबल कुलबीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आईटीआई में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 14 को

**कैथल।** हरियाणा राज्य नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई कैथल में एक दिवसीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि व 13 मई को पेंटिंग प्रतियोगिता व 14 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### गांव सांघन से जेवरात और नकदी चुराई

**कैथल।** सांघन गांव में चोर बंद मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने और 62 हजार रुपये चोरी कर ले गए। इस दौरान परिवार के सदस्य सोए हुए थे और मुख्य गेट को अंदर से बंद करना भूल गए। आरोपियों ने गेट खोलकर मकान में चोरी की।
शिकायत में सांघन गांव निवासी सतबीर ने बताया कि उसके मकान के साथ में उसके भाई का भी मकान है। जिसमें उसके भाई विजेंद्र की पत्नी, बच्चे और माता-पिता रहते हैं। छह मई को रात के समय उनके परिवार के सदस्य सो रहे थे। घर का मेन गेट केवल बाहर से बंद था। रात को अज्ञात आरोपी उनका गेट खोलकर मकान में घुस गए। आरोपी वहां से 10 तोले सोना, 62 हजार रुपये पेटी और अलमारी से निकाल कर ले गए। इसके साथ करीब 100 ग्राम चांदी के जेवर भी चोरी कर ले गए।

### सड़कों पर जल्द बनेंगे गति अवरोधक

**कलायत।** कलायत में शिक्षण संस्थानों के पास सडकों पर जेबरा क्रासिंग और स्पीड ब्रेकर न होने की समस्या का अब समाधान होता नजर आ रहा है। सडक सुरक्षा से जुड़े इस मामले को लेकर युवा भाजपा नेता जयदीप राणा ने प्रशासनिक अधिकारियों से कार्यवाही का आग्रह किया है। जयदीप राणा ने बताया कि रेलवे रोड पर श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज, राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थान हैं।

---

डीसी के निर्देश, तीव्र मोड पर साइन बोर्ड व स्पीड लिमिट के बोर्ड होना जरूरी

# स्कूली बच्चा दुपहिया वाहन चलाता मिला तो स्कूल पर होगी कार्रवाई

- हाईवे व मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद किया जाए
- जेडी-7 अंडरब्रिज में लाइटों की व्यवस्था करवाएं नप अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को कहा कि वे हरसंभव प्रयास कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं। इसके अलावा विशेष अभियान चलाकर शिक्षण संस्थानों में छात्रों व आमजन को सडक़ सुरक्षा बारे जागरूक करें। अगर कोई स्कूली बच्चा दुपहिया वाहन चलाता मिला तो संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जहां-जहां पर सडकों की मरम्मत की जानी है या सीसी का कार्य होना है, उसको शीघ्र किया जाए, ताकि सडक हादसे न हो। दुर्घटना संभावित प्वाइंटों की पहचान कर साईन बोर्ड जरूरी लगवाएं जाए, विशेषकर तीव्र मोड पर साइन बोर्ड व स्पीड लिमिट के बोर्डो का चस्पा होना अंत्यत जरूरी है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में रोड सेफ्टी की बैठक ले रहे थे।

### अंडरब्रिज में लाइट हों

नगर परिषद के अधिकारियों को कहा कि वे जेडी-7 अंडरब्रिज में लाइटों की व्यवस्था करवाएं। ताकि वाहन चालकों को अंडर ब्रिज के नीचे से गुजरने में कोई परेशानी नहीं हो।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को कहा कि सड? हादसों में बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालक मौत का शिकार होते हैं। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों व ओवर स्पीड वाहन चालकों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं। उन्होंने कहा कि जरूरी जगहों पर कैट आई या साइन बोर्ड लगाएं जाएं ताकि हादसे न हो। एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी सर्विस रोड की मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस विभाग की जो सडक़ हैं, उन्हें दुरूस्त रखें। अगर किसी कारणवंश किसी भी विभाग की लापरवाही के कारण कोई हादसा होता है तो उस विभाग के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरटीए सचिव गिरीश ने रोड सेफ्टी की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की।

#### रेहड़ी को खड़ी न होने दें

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे व अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद किया जाए। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चोराहों, मोड़ के आसपास किसी भी प्रकार का वाहन, रेहड़ी को खड़ा नहीं होने दें। इससे भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि किसी भी मोड़ या चोराहे के आसपास खुला स्थान होना जरूरी है। दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान होनी चाहिए और दुर्घटनाओं के कारण का पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी हादसा होने पर एंबुलेंस तुरंत प्रभाव या निर्धारित समय के अनुरूप अस्पताल पहुंचे ताकि घायल का समय पर उपचार हो।

#### सख्ती से लागू हो पॉलिसी

डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दें कि अगर कोई स्कूली बच्चा दुपहिया वाहन लेकर स्कूल में आता और चलाता हुआ पाया जाता है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यातायात पुलिस को स्कूल वाहन पॉलिसी को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने को कहा।

#### चालान कर रहे

अधिकारियों ने डीसी को बताया कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए ऑवर लोड वाहनों के चालान कर जुर्माना लगाया जा रहा है। समय-समय पर जिले की सभी स्कूल बसों का फिटनेस सहित सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश डॉ. आशीष देशवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज भी मौजूद रहे।

---


जींद। सरपंच जयपाल की अध्यक्षता में गली में भरे गंदे पानी को दिखाते शाहपुर गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# शाहपुर गांव की गलियां बनी तालाब, परेशानी

- गंदे पानी की निकासी के लिए डीसी से मिली पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

शाहपुर गांव की तीन गलियों में गंदे पानी की निकासी मामले को लेकर पंचायत सरपंच जयपाल के नेतृत्व में डीसी जींद मोहम्मद इमरान रजा से मिली। डीसी ने मामले को लेकर समस्या का समाधान जल्द करवाने का आश्वासन पंचायत को दिया है। सरपंच जयपाल ने बताया कि चाहे तो जिला प्रशासन बरसात के मौसम से पहले गलियों से गंदे पानी की निकासी का प्रबंध करें। अन्यथा पंचायत गांव के लोगों के साथ मिलकर रोड जाम करने की मजबूर होगी।

शाहपुर गांव के सरपंच, जयपाल, रामनिवास, कलीराम, सत्यवान, बीरभान, सुखबीर, राजकिशन, राममेहर पंचाल आदि ने डीसी जींद को दी शिकायत में बताया कि थोड़ी सी बरसात के चलते गांव की तीन मुख्य गलियां तालाब का रूप धारण कर लेती है, यही नहीं एक गली के साथ तो गांव का सरकारी स्कूल पड़ता है। जिससे बच्चों तथा अध्यापकों का स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई बार अध्यापिकाओं ने पंचायत को मामले को लेकर लिखित शिकायत भी दी, लेकिन समस्या का समाधान होने का नाम नहीं ले रहा है। पंचायत ने कहा कि इसके लिए स्कूल के पास एक रिचार्ज बोर लगाया जाए तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है। इसके लिए अनेक बार पहले भी विभाग के जेई तथा उच्चाधिकारियों को मिल चुके हैं।

#### पंचायत करें पहल

पंचायती विभाग के जेई सचिन ने बताया कि तालाब के पास रिचार्ज बोर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। क्योंकि रिचार्ज बोर केवल बरसात के पानी के उतारने के लिए लगते हैं, न कि तालाब का गंदा पानी। गांव में सबसे पड़ी निकासी की समस्या है। इसके लिए पंचायत के पास फंड है कि साधनों के माध्यम से गलियों का पानी एक किसी सुरक्षित जगह पर उतारा जाए। ताकि गांव के लोगों को कि सी समस्या का सामना न करना पड़े। इससे पंचायत पहल करें, जिला प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।

---

# ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन

- दुकानों से सामान लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों। प्रदर्शन करते हुए लोग व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

खुदरा व्यापारियों व स्कूलों के विद्यार्थियों ने मिलकर नगर में ऑनलाईन कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा लोगों को ऑनलाईन की बजाए दुकानों से सामान लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर इस अभियान के प्रांत युवा प्रमुख अजय राणा व प्रांत संगठक कुलदीप पुनिया विशेष रूप से मौजूद थे।

यह प्रदर्शन नगर के बस स्टैंड प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजारों में से होकर निकला। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपने देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने व स्थानीय दुकानदारों के रोजगार को बचाने के लिए विदेशी कंपनियों से ऑनलाइन सामान न मंगवाकर स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदना चाहिए। विदेशी कंपनियां भारत की जीडीपी में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले खुदरा व्यापार को निगल जाने को आमादा है। बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां अनैतिक तरीकों का उपयोग करके अपने व्यापार को बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं और पारंपरिक दुकानदारों और छोटी ई-कॉमर्स फर्मों को प्रतिस्पर्धा से बाहर कर रही हैं।

---

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाए : दीपक

- निपुण हरियाणा मिशन के तहत हुई समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

बच्चों के शैक्षणिक स्तर को ओर बेहतर करने तथा उन्हें पढ़ने लिखने में निपुण बनाने के लिए निपुण हरियाणा मिशन के तहत आज जिला संचालन समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल कारवा ने की। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने सभी अधिकारियों को विद्यालयों की मॉनिटरिंग के दौरान शैक्षणिक आकलन के साथ-साथ मिड डे मील, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता आदि विषयों पर गहन निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण की तर्ज पर सभी विद्यालयों के एक ही दिवस में निरीक्षण करके रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को अपनी पिछली कक्षाओं के कौशलों का ज्ञान होना आवश्यक है, इसके लिए बच्चों के ग्रुप बनाकर खेल-खेल में और आनंददायक तरीके से पढ़ाया जाए। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट के मार्गदर्शन में जिले में निपुण हरियाणा मिशन के तहत कई पहल की जा रही है। सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें अगली कक्षा में जाने वाले बच्चों का स्वागत किया गया, शिक्षकों ने नामांकन अभियान चलाकर 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों का सर्वे किया गया।

#### किताबें देंगे

बैठक में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने भी सुझाव दिए और कहा कि हरियाणा ओलंपियाड के लिए जिला परिषद की ओर से मेधावी बच्चों को जरूरत अनुसार किताबें मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए जिला परिषद में प्रस्ताव लाया जाएगा। इस बैठक में डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुडा, निपुण हरियाणा मिशन से स्तुति, नगर परिषद से सचिव भानू शर्मा, संजय, छत्रपाल मौजूद रहे।

---

राजकीय स्कूलों के लिए तैयारी

# स्कूल मैनेमेंट कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा

- अध्यक्ष या उपाध्यक्ष दोबारा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित नहीं होंगे
- कमेटी में परिवार के एक से ज्यादा सदस्य नहीं होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नए सत्र को देखते हुए राजकीय स्कूलों में स्कूल मैनेमेंट कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी और स्कूल प्रभारी के नाम पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार 23 मई तक राजकीय स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया जाना है। अध्यक्ष या उपाध्यक्ष दोबारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के पद पर चयनित नहीं होंगे और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी में एक ही परिवार के एक से ज्यादा सदस्य कमेटी के सदस्य नहीं होंगे।

जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 300 तक रहेगी, उनमें स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों की संख्या 12, 500 तक छात्र संख्या के आधार पर कमेटी सदस्यों की संख्या 16 और 500 से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में कमेटी सदस्यों की संख्या 20 निर्धारित की गई है। जिले में इस समय राजकीय स्कूलों की संख्या 724 है, जिसमें से प्राइमरी स्कूलों की संख्या 424 है। हर स्कूल में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया जाता है। समितियों के माध्यम से ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम की सारी गतिविधियों का विद्यालय स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। समिति में विद्यालय से जुड़े सभी लोगों के प्रतिनिधियों को रखा जाता है, जिनका उद्देश्य विद्यालय की समस्याओं को पहचान कर उसमें सुधार करना होता है। यदि एक ही परिसर में प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक उच्चतर विद्यालय संचालित हो रहे हैं तो उनकी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का पुनर्गठन भी अलग-अलग रूप से किया जाएगा। अध्यक्ष या उपाध्यक्ष दोबारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के पद पर चयनित नहीं होंगे और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी में एक ही परिवार के एक से ज्यादा सदस्य कमेटी के सदस्य नहीं होंगे।

#### कमेटी बनाने को लेकर पत्र जारी किया

राजकीय स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी बनाने को लेकर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने पत्र जारी किया है। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी बनाने का उद्देश्य विद्यालय परिसर में कमियों को दूर करना और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराना है। कमेटी बनाने को लेकर जो निर्देश जारी किए गए हैं, उनके अनुरुप ही कमेटी बनाई जाएगी।
-राजपाल देशवाल, खंड शिक्षा अधिकारी जींद।

---

# ऑपरेशन सिंदूर से पहलगाम हमले का बदला लिया : डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


डॉ. पुष्पा तायल

- सेना ने पूरे विश्व को बताया भारत आतंक फैलाने वालों को कतई बख्शने के मूड में नहीं

पहलगाम में मारे गए निर्दोषों के बदले को भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करके व आतंकवादियों को मारकर ले लिया है। भारतीय सेना ने दहशतगर्दों को मारकर विश्व को दिखा दिया है कि भारत आतंक फैलाने वालों को कतई बख्शने के मूड में नहीं है व जो लोग इस तरह के घृणित कार्य को अंजाम देते है उनको भारत उनकी कल्पना से भी कहीं बढक़र सजा देगा।तायल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि भारत के लोग न तो अन्याय करते हैं और न ही अन्याय को सहन करते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को संदेश देने का काम किया है कि भारत शांति चाहता है व शांति के लिए उसे किसी भी ताकत से लोहा लेना पड़ेगा तो भारत लेगा, इसमें कोई भी संकोच नहीं करेगा। पाकिस्तान ने जिस तरह पाकिस्तान में आतंकवादियों के छुपने के लिए ठिकाने बना रखे है भारतीय सेना ने उन ठिकानों को नष्ट करके जहां एक तरफ पहलगाम के निर्दोषों का बदला लिया है वहीं दूसरी तरफ आतंक को खत्म करने में भी भूमिका निभाई है।

---

# सेना और सरकार के साथ हैं देश की खाप-पंचायतें व किसान : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


टेकराम कंडेला।

- सेना का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि

सर्वजातिय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन में खाप पंचायते तथा किसान संगठन भारतीय सेना तथा सरकार साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाक के आतंक ठिकानों पर हमला करके पीएम नरेंद्र मोदी ने दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। जोकि पहलगाम हमले में मरे लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनावपूर्ण स्थिति के दौरान ऑपरेशन सिंदूर करवाकर साफ कर दिया है कि आतंकवादियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। पहल गाम में आतंकी हमले के बाद हर भारतीय पीएम मोदी की कार्रवाई पर नजर रख रहा था। पीएम मोदी ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा किया है। पाक को यह जान लेना चाहिए कि अभी बदला पूरा नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमला किया। इस हमले में कई आतंकवादी मारे गए, जिनमें आतंकी मसूद अजहर के परिवार के लोग भी शामिल थे।

---

सराहनीय | पंचायतों के सहयोग से प्रत्येक गांव को बनाया जाएगा नशामुक्त : एसपी

# गांव खरकड़ा में पुलिस अधीक्षक ने 14 गांवों को नशामुक्त घोषित किया

एसपी बोले- नशे की डिमांड नहीं होगी तो समाज अपने आप इस बुराई से हो जाएगा दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


सफीदों। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसपी कुलदीप सिंह।

उपमंडल के गांव खरकड़ा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एसपी कुलदीप सिंह ने शिरकत की। गांव के सरपंच नरवैर सिंह ने एसपी कुलदीप सिंह का अभिनंदन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने 14 गांवों को ड्रग्स फ्री घोषित किया तथा उन गांवों के सरपंचो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि आज समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है व समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायतो, सामाजिक संगठनों, सभी विभागों को एकजुट होकर व योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे की डिमांड को नियंत्रित करने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। समाज से ड्रग्स जैसे बुराई को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए तस्करों पर सख्ती के साथ-साथ उसकी डिमांड साइड पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। समाज में किसी नशे की डिमांड नहीं होगी तो समाज अपने आप इस बुराई से दूर होता जाएगा। हर परिवार के मुखिया की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने घर व परिवार के युवाओं का सही मार्गदर्शन करे। बुजुर्ग अपने घर के युवाओं को पहले से ही ड्रग जैसी बुराई बारे जागरूक कर दें, ताकि हमारे बच्चे, युवा ड्रग जैसी बुराई से दूरी बनाकर रखें।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा, खरकडा के सरपंच नरवैर सिंह, गांव बसीनी सरपंच वनिता, गांव बडौद सरपंच राकेश कुमार, गांव पाजु खुर्द सरपंच निरंजन, गांव कुरड़ सरपंच अनिल शर्मा, गांव करसिंधु सरपंच रविंद्र, गांव टीटो खेड़ी सरपंच मीनाक्षी, गांव सिंहपुरा सरपंच राजबाला, गांव जयपुर सरपंच श्याम सिंह, गांव सरनाखेड़ी सरपंच नवीन कुमारी, गावं पाजु कलां सरपंच पवन कुमार, गांव सरफाबाद सरपंच विरेंद्र कुमार, गांव ऐंचरा खुर्द सरपंच रामकिशन व छाप्पर सरपंच जसपाल सिंह मौजूद रहे।